# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2014
## व्यवसाय अध्ययन : कक्षा XII

*खण्ड 'अ'*

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** 5

(i) प्रबन्ध का सबसे पहला कार्य ………… है।

(ii) श्रमिकों के समूह प्रमुख को ………… कहा जाता है।

(iii) भारत में ………… आर्थिक प्रणाली को अपनाया गया है।

(iv) ………… बताते हैं कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है।

(v) भूतपूर्व कर्मचारियों को बुलाना ………… स्रोत कहलाता है।

उत्तर—(i) नियोजन, (ii) नेता, (iii) मिश्रित, (iv) पर्यवेक्षक, (v) बाहरी।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रत्येक का उत्तर *एक* शब्द/एक वाक्य में लिखिए—** 5

(i) भर्ती का आधुनिक माध्यम क्या है ?

(ii) वित्तीय विवरणों से विभिन्न अनुपातों की गणना करना क्या कहलाता है ?

(iii) पाँच या अधिक वर्षों के लिए की गई वित्त योजना क्या कहलाती है ?

(iv) किस पूँजी बाजार का सम्बन्ध नए निर्गमनों से होता है ?

(v) माल की पैकिंग की विधि को किस पत्र में बताया जाता है ?

उत्तर—(i) परिसर भर्ती, (ii) वित्तीय अनुपात विश्लेषण, (iii) दीर्घकालीन वित्तीय योजना, (iv) प्राथमिक, (v) आदेश-पत्र।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित के सही जोड़े बनाइए—** 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) विनियोग निर्णय | (a) स्थायी पूँजी |
| (ii) लाभ-हानि विवरण | (b) खजाना बिल |
| (iii) पूँजी संरचना | (c) वित्त कार्य क्षेत्र |
| (iv) अत्यधिक तरलता | (d) संगठित बाजार |
| (v) शेयर बाजार | (e) अल्पकालीन वित्त नियोजन |

उत्तर—(i) → (e), (ii) → (c), (iii) → (a), (iv) → (b), (v) → (d).

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से *सही* विकल्प चुनकर लिखिए—** 5

**(अ) प्रबन्ध के कितने स्तर हैं ?**

(i) चार, (ii) तीन,
(iii) दो, (iv) पाँच।

**(ब) वैज्ञानिक प्रबन्ध का जनक किसे कहते हैं ?**

(i) शेल्डन, (ii) हेनरी फेयोल,
(iii) हुकर, (iv) टेलर।

**(स) नवीन आर्थिक सुधार भारत में शुरू किया गया—**

(i) सन् 1947 से, (ii) सन् 1980 से,
(iii) सन् 1991 से, (iv) सन् 2007 से।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(द) सर्वोत्तम विकल्प का चयन किस पर आधारित होता है ?

(i) पूर्वानुमान, (ii) कार्यविधि,

(iii) विश्लेषण का मूल्यांकन, (iv) नीति।

(इ) पदोन्नति भर्ती का किस प्रकार का स्रोत है ?

(i) आन्तरिक, (ii) बाह्य,

(iii) आन्तरिक एवं बाह्य दोनों, (iv) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर—(अ) (ii), (ब) (iv), (स) (iii), (द) (iii), (इ) (i)।

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित का *सत्य* या *असत्य* में उत्तर दीजिए— 5

(i) नियोजन निर्णयन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाता है।

(ii) निर्माण व नियोजन में कोई सम्बन्ध नहीं होता है।

(iii) विचलन सदैव ऋणात्मक होता है।

(iv) निर्ख पत्र विक्रय हेतु एक विशेष प्रस्ताव है।

(v) पुनश्च: लिखने से अच्छा प्रभाव पड़ता है।

उत्तर—(i) सत्य, (ii) असत्य, (iii) असत्य, (iv) सत्य, (v) असत्य।

## *खण्ड 'ब'*

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 6.** वैश्वीकरण के कोई **दो** उद्देश्य लिखिए। 2

*अथवा*

भारतीय परिवेश के आयाम के नाम बताइए। (कोई **चार**)

**प्रश्न 7.** विज्ञापन के माध्यमों के नाम लिखिए। (कोई **चार**) 2

*अथवा*

अच्छे ब्राण्ड का चयन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? (कोई **दो**)

**प्रश्न 8.** व्यावसायिक परिवेश के **दो** महत्व बताइए। 2

*अथवा*

नई आर्थिक नीति के किन-किन उद्यागों के लिये लायसेन्स लेना अनिवार्य है ? (कोई **चार**)

**प्रश्न 9.** उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिये **दो** उत्तरदायित्वों के नाम बताइए। 2

*अथवा*

'इको-मार्क' स्कीम क्या है ?

**प्रश्न 10.** व्यवसाय के आन्तरिक वातावरण में कौन-कौन-से तत्व आते हैं ? (कोई **दो**)

*अथवा* 2

सन् 1991 के बाद भारत के आर्थिक परिवेश में जो परिवर्तन हुए उनका नाम बताइए।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 11.** क्षेत्र आधारित संगठन संरचना के **चार** गुण बताइए। 4

*अथवा*

संगठन के किन्हीं **चार** उद्देश्यों को लिखिए।

**प्रश्न 12.** प्रभावी नेता के कोई **चार** गुण लिखिए। 4

http://www.a2zsubjects.com

*अथवा*

धनात्मक एवं ऋणात्मक अभिप्रेरण में कोई **चार** अन्तर लिखिए।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 13.** विभागीय संगठन एवं कार्यात्मक संगठन में अन्तर बताइए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

संगठन के **चार** सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 14.** पर्यवेक्षण के महत्व के कोई **चार** बिन्दु लिखिए। 4

*अथवा*

अमौद्रिक अभिप्रेरणाओं का उल्लेख कीजिए। (कोई **चार**)

**प्रश्न 15.** कार्यशील पूँजी की मात्रा को निर्धारित करने वाले किन्हीं **चार** घटकों को लिखिए। 4

*अथवा*

वित्तीय प्रबन्ध का महत्त्व बताइए। (कोई **चार** बिन्दु)

**प्रश्न 16.** लेबलिंग के लाभ बताइए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

विपणन एवं विक्रय में अन्तर बताइए। (कोई **चार**)

**प्रश्न 17.** भारत में उपभोक्ता संरक्षण के साधनों व तरीकों का वर्णन कीजिए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

उपभोक्ता संरक्षण का महत्त्व बताइए। (कोई **चार** बिन्दु)

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 18.** बजट के आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिए। 5

*अथवा*

नियोजन की कोई **पाँच** विशेषताएँ लिखिए।

**प्रश्न 19.** भर्ती तथा चयन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई **पाँच**) 5

*अथवा*

स्टाफिंग की महत्ता को किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न 20.** नियन्त्रण की **पाँच** आधुनिक विधियों को बताइए। 5

*अथवा*

नियन्त्रण के महत्त्व के किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं को लिखिए।

**प्रश्न 21.** स्कन्ध विपणि के किन्हीं **पाँच** कार्यों का उल्लेख कीजिए। 5

*अथवा*

प्राथमिक बाजार एवं द्वितीयक बाजार में अन्तर बताइए। (कोई **पाँच**)

**प्रश्न 22.** व्यापारिक पत्रों का महत्त्व बताइए। (कोई **पाँच**) 5

*अथवा*

मै. गर्ग कम्प्यूटर, अग्रसेन कालोनी, इन्दौर की ओर से मै. दीपक कम्प्यूटर, टोडी बाजार, ग्वालियर को कम्प्यूटर सामग्री खरीदने हेतु एक आदेश–पत्र लिखिए।

**प्रश्न 23.** प्रबन्ध के कोई **छः** कार्य बताइए। 6

*अथवा*

प्रबन्ध के सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझाइए। (कोई **छः**)

**प्रश्न 24.** हेनरी फेयोल द्वारा प्रतिपादित प्रबन्ध के कोई **छः** सिद्धान्त बताइए। 6

*अथवा*

http://www.a2zsubjects.com

प्रबन्ध के सिद्धान्तों का महत्त्व समझाइए। (कोई **छः**)

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com